Vol 3 Issue 9 Oct 2013

ISSN No : 2230-7850

Monthly Multidisciplinary
Research Journal

# Indian Streams Research Journal

Executive Editor

Ashok Yakkaldevi

Editor-in-chief

H.N.Jagtap

**Welcome to ISRJ**

**RNI MAHMUL/2011/38595** **ISSN No.2230-7850**

Indian Streams Research Journal is a multidisciplinary research journal, published monthly in English, Hindi & Marathi Language. All research papers submitted to the journal will be double - blind peer reviewed referred by members of the editorial Board readers will include investigator in universities, research institutes government and industry with research interest in the general subjects.

## *International Advisory Board*

Flávio de São Pedro Filho
Federal University of Rondonia, Brazil

Kamani Perera
Regional Centre For Strategic Studies, Sri Lanka

Janaki Sinnasamy
Librarian, University of Malaya [ Malaysia ]

Romona Mihaila
Spiru Haret University, Romania

Delia Serbescu
Spiru Haret University, Bucharest, Romania

Anurag Misra
DBS College, Kanpur

Titus Pop

Mohammad Hailat
Dept. of Mathmatical Sciences, University of South Carolina Aiken, Aiken SC 29801

Abdullah Sabbagh
Engineering Studies, Sydney

Catalina Neculai
University of Coventry, UK

Ecaterina Patrascu
Spiru Haret University, Bucharest

Loredana Bosca
Spiru Haret University, Romania

Fabricio Moraes de Almeida
Federal University of Rondonia, Brazil

George - Calin SERITAN
Postdoctoral Researcher

Hasan Baktir
English Language and Literature Department, Kayseri

Ghayoor Abbas Chotana
Department of Chemistry, Lahore University of Management Sciences [ PK ]

Anna Maria Constantinovici
AL. I. Cuza University, Romania

Horia Patrascu
Spiru Haret University, Bucharest, Romania

Ilie Pintea,
Spiru Haret University, Romania

Xiaohua Yang
PhD, USA

Nawab Ali Khan
College of Business Administration

## *Editorial Board*

Pratap Vyamktrao Naikwade
ASP College Devrukh,Ratnagiri,MS India

R. R. Patil
Head Geology Department Solapur University, Solapur

Rama Bhosale
Prin. and Jt. Director Higher Education, Panvel

Salve R. N.
Department of Sociology, Shivaji University, Kolhapur

Govind P. Shinde
Bharati Vidyapeeth School of Distance Education Center, Navi Mumbai

Chakane Sanjay Dnyaneshwar
Arts, Science & Commerce College, Indapur, Pune

Awadhesh Kumar Shirotriya
Secretary, Play India Play (Trust),Meerut

Iresh Swami
Ex - VC. Solapur University, Solapur

N.S. Dhaygude
Ex. Prin. Dayanand College, Solapur

Narendra Kadu
Jt. Director Higher Education, Pune

K. M. Bhandarkar
Praful Patel College of Education, Gondia

Sonal Singh
Vikram University, Ujjain

G. P. Patankar
S. D. M. Degree College, Honavar, Karnataka

Maj. S. Bakhtiar Choudhary
Director,Hyderabad AP India.

S.Parvathi Devi
Ph.D.-University of Allahabad

Sonal Singh

Rajendra Shendge
Director, B.C.U.D. Solapur University, Solapur

R. R. Yalikar
Director Managment Institute, Solapur

Umesh Rajderkar
Head Humanities & Social Science YCMOU, Nashik

S. R. Pandya
Head Education Dept. Mumbai University, Mumbai

Alka Darshan Shrivastava
Shaskiya Snatkottar Mahavidyalaya, Dhar

Rahul Shriram Sudke
Devi Ahilya Vishwavidyalaya, Indore

S.KANNAN
Ph.D , Annamalai University,TN

Satish Kumar Kalhotra

**Address:-Ashok Yakkaldevi 258/34, Raviwar Peth, Solapur - 413 005 Maharashtra, India**
**Cell : 9595 359 435, Ph No: 02172372010 Email: ayisrj@yahoo.in Website: www.isrj.net**

Indian Streams Research Journal
Volume-3, Issue-9, Oct-2013
ISSN 2230-7850

Available online at www.isrj.net

# *गोड्डा जिला के ग्रामीण जनसंख्या में साक्षरता का वितरण*

*पूजा कुमारी*
शोध छात्रा (ति.मभावि, भागलपुर) एमए (भूगोल), बीएड,.यूजीसी.(नेट) .

***सारांश :***किसी प्रदेश में साक्षरता का वितरण वहाँ के सामाजिक–आर्थिक अवस्था का अच्छा सूचक होता है। प्रस्तुत शोधपत्र में झारखण्ड के गोड्डा जिले में ग्रामीण जनसंख्या के साक्षरता दर के वितरण का अध्ययन किया गया है। यह एक पठारी प्रदेश है। यहाँ की अधिकतर जनसंख्या गाँवों में रहती है तथा मुख्य रूप से प्राथमिक कार्यों में लगी है। जिले के कुल नौ प्रखंडों में दो प्रखण्ड अध्ययन क्षेत्र में साक्षरता दर का औसत राष्ट्रीय औसत तथा झारखण्ड राज्य के औसत साक्षरता दर से निम्न है। इस शोध पत्र में प्रखण्ड स्तर पर ग्रामीण जनसंख्या में साक्षरता के वितरण तथा पुरूष महिला साक्षरता दरों में अंतर को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है।

***परिभाषिक शब्द :*** साक्षरता, आधारभूत संरचना, जनजाति, प्राथमिक कार्य, सेवा क्षेत्र।

### *प्रस्तावना :*

किसी प्रदेश के जन समुदाय वहाँ के वास्तविक धन होते है। मानव संसाधन की गुणवत्ता पर प्राकृतिक संसाधन का उपयोग निर्भर करता है। जन समुदाय के साक्षरता का स्तर तथा शिक्षा का प्रसार उनकी गुणवत्ता को निर्धारित करने वाले प्रमुख घटक हैं। क्योंकि एक शिक्षित व्यक्ति में कार्य कुशलता की सम्भावना अशिक्षित व्यक्ति से प्रायः अधिक होती है।

संयुक्त राष्ट्र संघ के जनसंख्या आयोग के अनुसार उस व्यक्ति को साक्षर माना है जो किसी भी भाषा में साधारण संदेश को पढ़–लिख तथा समझ सकता है। भारतीय जनगणना विभाग ने इसी परिभाषा को अपनाया है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने मानव विकास सूचकांक (भ्क्प्) के निर्धारण में साक्षरता को एक महत्वपूर्ण कारक माना है। साक्षरता दर कुल जनसंख्या में साक्षर व्यक्तियों के प्रतिशत को दर्शाती है। साक्षरता जनसंख्या की गुणात्मक विशेषता है जो किसी प्रदेश के सामाजिक आर्थिक विकास की एक विश्वसनीय तथा यथार्थ सूचक होती है।

साक्षरता दर में प्रादेशिक अंतर देखने को मिलता है। सामान्यतः उच्च जन्म दर वाले प्रदेशों में निम्न साक्षरता दर पायी जाती है। इस दर को प्रभावित करने वाले कारकों में आर्थिक विकास का स्तर, नगरीकरण, जीवन स्तर, महिलाओं की सामाजिक स्थिति, विभिन्न शैक्षणिक सुविधाओं की उपलब्धता तथा सरकारी नीतियों प्रमुख हैं। आर्थिक विकास का स्तर साक्षरता का कारण और परिणाम दोनों है।

अध्ययन क्षेत्र एक पठारी भूभाग है। जहाँ की 95 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण है एवं इनका मुख्य धंधा खेती करना है। ग्रामीण– कृषि अर्थव्यवस्था होने के कारण यहाँ साक्षरता का स्तर निम्न (47.35 प्रतिशत) है।

### *अध्ययन क्षेत्र :–*

गोड्डा जिला 25 मई 1983 ई० को अविभाजित बिहार का 55वाँ जिला बना तथा 15 नवम्बर 2000 ई० को झारखण्ड राज्य का 18वाँ जिला बना। आधारभूत संरचनाओं के अभाव में आज भी यह जिला अविकसित है।

गोड्डा जिले का अक्षांशीय विस्तार 20०47′30″ उत्तरी से 25०23′30″ उत्तरी अक्षांशों के बीच तक तथा 87०8′ पूर्वी देशांतरों से 87०48′ पूर्वी देशांतरों के बीच लगभग 2110 वर्ग कि०मी० क्षेत्र में फैला हुआ हैं। इसमें 239.34 वर्ग कि०मी० क्षेत्र में विरल वन मिलते है। इसका पश्चिमी भाग मैदानी है। बोआरी जोर, गोड्डा, मेहरमा, महगामा, पथरगामा, पौरेयाहाट, सुंदर पहाड़ी और बसंतराय कुल नौ प्रखंड है।

गोड्डा जिले के उत्तर में साहेबगंज दक्षिण में दुमका, पूरब में पाकुड़ तथा पश्चिम में बिहार राज्य के बांका और भागलपुर जिले इसकी सीमा निर्धारित करते हैं।

जिले के नौ प्रखण्डों में बोआरी जोर तथा सुंदरपहाड़ी अन्य प्रखण्डों से सामाजिक, आर्थिक, नृजातीय तथा सांस्कृतिक दृष्टि से भिन्न है, जहाँ क्रमशः 63.03 प्रतिशत तथा 80.52 प्रतिशत आबादी जनजातियों की है। ये दोनों प्रखण्ड मिलकर जिले के कुल क्षेत्रफल के 50 प्रतिशत भाग पर फैले हैं।

जनगणना 2011 के अनुसार जिले की कुल आबादी 1311382 व्यक्ति है। इनमें से पुरूषों की आबादी 51.73 प्रतिशत कुल जनसंख्या का तथा महिलाएँ कुल जनसंख्या का 48.27 प्रतिशत प्रति हजार पुरूशों पर महिलाओं की संख्या 952 है। औसत साक्षरता दर 47 प्रतिशत है।





FIG.1.1

### *आंकड़ों के स्त्रोत तथा विधितन्त्र :–*

प्रस्तुत शोधपत्र में झारखण्ड राज्य के गोड्डा जिले में ग्रामीण

जनसंख्या के साक्षरता के वितरण का अध्ययन किया गया है। यह मुख्य रूप से द्वितीयक आंकड़ों पर आधारित है, जिसकी प्राप्ति भारतीय जनगणना 2011 तथा जिला सांख्यिकी कार्यालय, गोड्डा (झारखण्ड)से की गयी है। साक्षरता के वितरण में 0–6 आयुवर्ग से उपर की जनसंख्या को शामिल किया गया है।

द्वितीयक स्त्रोतों से प्राप्त किये गये आंकड़ो के आधार पर सारिणी तैयार कर उनके आधार पर मानचित्र निर्मित किया गया है, इसके बाद उसका विश्लेषण किया गया है।

***साक्षरता का वितरण :–***

***गोड्डा जिला, ग्रामीण जनसंख्या में साक्षरता***


*तालिका – 1*

| प्रखण्ड | जनसंख्या | साक्षर | पुरूष साक्षर | महिला साक्षर |
|---|---|---|---|---|
| पथरगामा | 116584 | 59958 (51.84) | 37791 (63.0) | 22167 (39.80) |
| गोड्डा | 215260 | 109080 (50.67) | 68507 (61.15) | 40572 (39.30) |
| पोरैयाहाट | 187523 | 90207 (48.80) | 57085 (59.42) | 33120 (36.29) |
| ठाकुरगंगटी | 99508 | 46577 (46.10) | 29129 (56.22) | 17448 (36.57) |
| मेहरमा | 146240 | 67836 (46.38) | 42223 (55.12) | 2361 (36.37) |
| महगामा | 185833 | 82522 (44.40) | 52002 (53.99) | 30519 (34.0) |
| बसंतराय | 93325 | 41462 (44.27) | 22211 (53.95) | 15230 (33.99) |
| बोआरीजोर | 138221 | 53112 (38.42) | 33966 (48.48) | 19146 (28.0) |
| सुंदरपहाड़ी | 65444 | 24267 (37.08) | 15304 (46.1) | 8963 (27.78) |
| गोड्डा कुल (ग्रामीण) | 1246998 | 575021 | 362218 | 212798 |

Source : District Census Handbook,
Godda, 2011
Census of India – 2011

***कोष्ठक में दिये गये अंक प्रतिषत दर्षाते हैं।***

गोड्डा जिला में औसत साक्षरता दर 47.37 प्रतिशत है। यह राष्ट्रीय औसत तथा झारखण्ड के औसत साक्षरता दर 67.63 प्रतिशत से निम्न है। ग्रामीण क्षेत्र में साक्षरता दर 46.11 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत 65.5 प्रतिशत (ग्रामीण क्षेत्र) से कम है। इसके साथ ही अलग–अलग प्रखण्डों में साक्षरता दर के मान में अंतर है। सभी प्रखण्डों में पथरगामा में साक्षरता दर सबसे अधिक (51.84 प्रतिशत) है जबकि सुंदरपहाड़ी प्रखण्ड में साक्षरता दर सबसे कम 37.08 प्रतिशत है। इसी प्रकार गोड्डा प्रखण्ड में साक्षरता दर 50.67 प्रतिशत, पोरैयाहाट 48.38 प्रतिशत, ठाकुरगंगटी 46.80 प्रतिशत, महगामा 44.40 प्रतिशत, मेहरमा 46.38 प्रतिशत, बसंतराय 44.27 तथा बोआरीजोर में औसत साक्षरता दर 38.42 प्रतिशत है। इस प्रकार जिले के मात्र दो प्रखण्डों पथरगामा तथा गोड्डा में साक्षरता दर 50 प्रतिशत के उपर है। दूसरी ओर सुंदरपहाड़ी तथा बसंतराय प्रखण्डों में औसत साक्षरता दर 40 प्रतिशत से भी कम है। अन्य पाँच प्रखण्डों में इसका मान 40–50 प्रतिशत के बीच है।




***महिला जनसंख्या में साक्षरता का वितरण :–***

गोड्डा जिला झारखण्ड के उन जिलों में शामिल है जहाँ 21वीं सदी के बाद भी महिला साक्षरता में कोई उल्लेखनीय प्रगति नहीं हुआी है। अध्ययन क्षेत्र में महिलाओं में औसत साक्षरता दर 36.76 प्रतिशत है। ग्रामीण महिलाओं में यह 35.3 प्रतिशत है। सभी प्रखण्डों में पथरगामा (39.80)प्रतिशत में ग्रामीण महिलाओं में साक्षरता दर सबसे अधिक तथा सुंदरपहाड़ी प्रखण्ड में सबसे कम 27.78 प्रतिशत है। अन्य प्रखण्डों में ग्रामीण महिलाओं में साक्षरता दर इस प्रकार है गोड्डा 39.30 प्रतिशत, मेहरमा 36.77 प्रतिशत, ठाकुरगंगटी 36.57 प्रतिशत, पोरैयाहाट 36.21 प्रतिशत, महगामा 34.09 प्रतिशत, बसंतराय 33.99 प्रतिशत तथा बोआरी जोर 28.08 प्रतिशत। इस प्रकार जिले के तीन प्रखण्डों पथरगामा, गोड्डा तथा ठाकुरगंगटी में ग्रामीण महिला में साक्षरता दर 35 प्रतिशत से अधिक है, बाकि छह प्रखण्डों में यह 35 प्रतिशत से कम है।

***पुरूष–महिला साक्षरता दर में अंतर :–***

*तालिका – 2*
*पुरूष–महिला साक्षरता दर में अंतर*

| प्रखण्ड | पुरूष साक्षर (प्रतिशत मे) | महिला साक्षरता (प्रतिशत मे) | पुरूष–महिला साक्षरता दर में अंतर |
|---|---|---|---|
| पथरगामा | 63.0 | 39.80 | 23.20 |
| गोड्डा | 61.15 | 39.30 | 21.85 |
| पोरैयाहाट | 59.42 | 36.27 | 23.31 |
| ठाकुरगंगटी | 56.22 | 36.57 | 19.65 |
| मेहरमा | 55.12 | 36.37 | 18.35 |
| महगामा | 53.99 | 34.0 | 19.65 |
| बसंतराय | 53.95 | 33.99 | 19.96 |
| बोआरीजोर | 48.48 | 28.0 | 20.40 |
| सुंदरपहाड़ी | 46.11 | 27.78 | 18.33 |
| गोड्डा जिला (ग्रामीण) | 56.20 | 35.31 | 20.89 |

Source : District Census Handbook, Godda, 2011, Census of India - 2011





FIG. - 3

पुरूषों तथा महिलाओं की संख्या किसी प्रदेश की प्रमुख जनांकिकी विशेषता होती है, जबकि महिला–पुरूष साक्षरता तथा इनके साक्षरता दरों में अंतर महिलाओं की सामाजिक अवस्था का अच्छा सूचक होता है। महिलाओं में उच्च साक्षरता दर उनके उच्च सामाजिक तथा पारिवारिक स्थिति को दर्शाता है। ऐसे समाज में महिलाओं के आर्थिक उन्नति की सम्भावनाएँ विस्तृत होती है। महिला–पुरूष साक्षरता में अधिक अंतर होना महिलाओं के निम्न सामाजिक अवस्था को दर्शाता है। महिला–पुरूष साक्षरता में अधिक अंतर प्रायः परम्परावादी समाज अथवा आर्थिक पिछड़ेपन को दर्शाता है या यह इन दोनों का मिला–जुला परिणाम होता है।

अध्ययन क्षेत्र में पुरूष–महिला साक्षरता में अंतर का अनुपात उच्च है। पुरूष–महिला साक्षरता दर में सबसे अधिक अंतर पोरैयाहाट प्रखण्ड में 23.31 प्रतिशत है, जबकि इस अंतर का सबसे कम मान सुन्दरपहाड़ी प्रखण्ड में 18.33 प्रतिशत है। अन्य प्रखण्डों में में यह अंतर इस प्रकार है, पथरगामा 23.20 प्रतिशत, गोड्डा 21.85 प्रतिशत, बोआरीजोर 20.40 प्रतिशत, बसंतराय 19.96 प्रतिशत, महगामा 19.96 प्रतिशत, ठाकुरगंगटी 19.65 प्रतिशत तथा मेहरमा 18.35 प्रतिशत। अतः स्पष्ट है कि सभी प्रखण्डों में पुरूष–महिला साक्षरता दरों में अंतर का मान 15 प्रतिशत से अधिक है, जबकि चार प्रखण्डों पोरैयाहाट, पथरगामा, गोड्डा तथा बोआरी जोर में यह अंतर 20 प्रतिशत से भी अधिक है।

महिलाओं की निम्न साक्षरता के लिए मुख्य रूप से आर्थिक कारक ही जिम्मेदार है। लेकिन सामाजिक परम्पराएँ, लैंगिक पूर्वाग्रह भी इसे प्रभावित करते है। कई स्थानों पर शिक्षण संस्थानों की कमी, विद्यालय का दूर में स्थित होना जैसे कारण भी महिला साक्षरता दर को कम करने का काम करते है।




***निष्कर्ष :–***

अध्ययन क्षेत्र में साक्षरता दर बहुत निम्न है। जो इसके पिछड़ेपन को दर्शाता है। साथ ही साक्षरता का वितरण भी सभी प्रखण्डों में एक समान नहीं है।

बोआरीजोर तथा सुंदरपहाड़ी जैसे जनजाति बहुल प्रखण्डों में साक्षरता दर 40 प्रतिशत से भी कम है। क्षेत्र की अधिकांश आबादी प्राथमिक व्यवसाय में लगी है, उद्योग धंधों तथा सेवा क्षेत्र का पर्याप्त विकास नहीं हो पाया है। इससे ग्रामीण क्षेत्र में आय स्तर तथा जीवन स्तर निम्न है। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षण संस्थाओं को अभाव भी साक्षरता दर को ऋणात्मक रूप से प्रभावित करते हैं। जनजाति बहुल क्षेत्रों में महिला साक्षरता दर पुरूषों की अपेक्षा काफी कम है। क्षेत्र में साक्षरता को उँचा उठाने के लिए लोगों के आय स्तर को बढ़ाने की जरूरत है, इसके साथ पर्याप्त संख्या में शिक्षण संस्थाओं की व्यवस्था करना तथा लोगों को साक्षरता के प्रति जागरूक करना आवश्यक है।

***सन्दर्भ :–***

1.कौशिक, एस.डी. 1990: मानव भूगोल, रस्तोगी पब्लिकेशन, मेरठ।
2.खुल्लर, डी.आर. 2003: भारत का भूगोल, सरस्वती हाउस प्राइवेट लिमिटेड,नई दिल्ली।
3.गौतम अलका, 2010: भारत का वृहद् भूगोल, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
4.चान्दना, आर.सी. 2010: जनसंख्या भूगोल, कल्याणी पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
5.तिवारी, रामकुमार, 2013: झारखण्ड की रूपरेखा, शिवांगन पब्लिकेशन, राँची।
6.मौर्य, एस.डी. 2010: जनसंख्या भूगोल, शारदा पुस्तक भवन, इलाहाबाद।
7.हुसैन माजिद तथा सिंह रमेश, 2009: भारत का भूगोल, टाटा मैक्ग्रा हिल प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली।
8.हुसैन माजिद, 2010: मानव भूगोल, रावत पब्लिकेशन, जयपुर।
9.Dhanwade, S.R. 2008: "Female Educational attainment of scheduled Caste and Scheduled tribe: A case study of the Walwa tahsil", unpublished M.Phil Dissertation Submitted to the Shivaji university, Kolhapur.



***पूजा कुमारी***
शोध छात्रा (ति.म.भा.वि., भागलपुर) एम.ए. (भूगोल), बी.एड., यू.जी.सी. (नेट)

# Publish Research Article
# International Level Multidisciplinary Research Journal For All Subjects

Dear Sir/Mam,

We invite unpublished research paper.Summary of Research Project,Theses,Books and Books Review of publication,you will be pleased to know that our journals are

## Associated and Indexed,India

- International Scientific Journal Consortium Scientific
- OPEN J-GATE

## Associated and Indexed,USA

- Google Scholar
- EBSCO
- DOAJ
- Index Copernicus
- Publication Index
- Academic Journal Database
- Contemporary Research Index
- Academic Paper Databse
- Digital Journals Database
- Current Index to Scholarly Journals
- Elite Scientific Journal Archive
- Directory Of Academic Resources
- Scholar Journal Index
- Recent Science Index
- Scientific Resources Database

Indian Streams Research Journal
258/34 Raviwar Peth Solapur-413005,Maharashtra
Contact-9595359435
E-Mail-ayisrj@yahoo.in/ayisrj2011@gmail.com
Website : www.isrj.net